# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने आंधी, तूफान और लू को विशिष्ट स्थानीय आपदा किया घोषित, केन्द्र के मापदंड के अनुसार चार लाख रुपये तक का मिलेगा मुआवजा।
2. राज्य के दक्षिण–पूर्वी भाग में कल से लू चलने की चेतावनी, दोपहर के वक्त लोगों को घर से नहीं निकलने की सलाह।
3. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा – स्वास्थ्य विभाग में व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 10 हजार से अधिक लोगों की होगी बहाली।
4. 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा को हराकर झारखंड बना चैंपियन, मुख्यमंत्री ने दी बधाई, हॉकी झारखंड ने की इनाम की घोषणा।
5. होलिका दहन आज, होली और रमजान को लेकर झारखंड पुलिस मुस्तैद, रांची में उपायुक्त ने भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की, पलामू में प्रशासन ने किया मॉक ड्रिल, साहेबगंज में फ्लैग मार्च।

******************

राज्य सरकार ने आंधी, तूफान और लू को विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया है। अब आंधी तूफान और लू से होनेवाले जान माल की क्षति पर मृतक के आश्रितों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के मापदंडो के अनुसार चार लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गइ।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण–पूर्वी भाग में कल से तथा 15 और 16 मार्च को पलामू और गढ़वा जिले में लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल कोल्हांन प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की संभावना है। इन जिलों में दोपहर के वक्त लोगों से नहीं निकलने की अपील की गई है।

******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 10 हजार से अधिक बहाली की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री राजधानी रांची में नवनियुक्त 166 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में डॉक्टर्स की कमी पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

******************

देश में फरवरी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर सात महीने के न्यूनतम स्तर तीन दशमलव छह–एक प्रतिशत पर आ गई। जनवरी में यह दर चार दशमलव तीन–एक प्रतिशत दर्ज हुई थी। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के दाम घटने से यह गिरावट आई है।

******************

शिक्षा मंत्रालय प्रधानमंत्री की युवा लेखकों का मार्गदर्शन करने वाली योजना पीएम–युवा 3.0 के अंतर्गत लेखकों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह प्रतियोगिता 10 अप्रैल तक माय जीओवी वेबसाइट पर आयोजित की जा रही है।

******************

रांची जिले के नगड़ी में पारंपरिक खेती धान के साथ व्यावसायिक खेती के तहत स्ट्रॉबेरी की खेती कर आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनने की जानकारी दी जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

जामताड़ा जिले की पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी चंद्रशेखर ने बताया कि सभी अपराधी क्रेडिट कार्ड बंद होने की बात कहकर लोगों से ठगी करते थे।

******************

हरियाणा के पंचकुला में आयोजित झारखण्ड हॉकी टीम ने हरियाणा को पेनाल्टी शूटआउट में 4–3 गोल से पराजित कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। झारखंड की टीम पहली बार यह खिताब जीता है। इससे पहले झारखंड की टीम 2015 में उपविजेता बनी थी । बता दें कि झारखंड और हरियाणा का मैच 1–1 गोल से बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनाल्टी शूट आउट से फैसला हुआ। झारखंड की इस जीत पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने टीम को दो लाख रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने एक्स संदेश में सभी खिलाड़ियों को दी बधाई। खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी टीम को बधाई दी है।

******************

झारखंड समेत देशभर में आज होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। वहीं होली, ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान झारखंड पुलिस मुस्तैद रहेगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक की है। वहीं डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर दिशानिर्देश जारी किया गया है। लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है।

******************

राजधानी रांची में होली और रमजान को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने रांचीवासियों से अफवाहों से भी बचने और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की है।

******************

त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मेदिनीनगर पुलिस लाइन मैदान में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में पुलिस बल ने भीड़ नियंत्रण, आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठीचार्ज जैसी तकनीकों का प्रदर्शन और अभ्यास किया। उधर साहिबगंज जिले के सभी थाना क्षेत्रों में होली और रमजान पर्व में शांति व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया।

******************

हजारीबाग के जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में त्योहारों को लेकर जिले के विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों को शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड कैबिनेट की बैठक और त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है सिपाही बहाली को लेकर बड़ा फैसला, अब दस किलोमीटर की जगह 1600 मीटर की दौड़ लगानी होगी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– पुलिस, होमगार्ड, उत्पाद सिपाही और जेल कक्षपाल बहाली की दौड़ सीमा घटी।

हिन्दुस्तान ,दैनिक जागरण और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी सिपाही बहाली की दौड़ में छूट की खबर कों पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉरिशस यात्रा की खबर को प्रमुखता दी है।

******************